हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल
2



## खबर संक्षेप

### स्वीकृत व भर्ती के लिए आरक्षण रोस्टर की अधिसूचना अपरिहार्य कारणों से निरस्त

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' अंतर्गत जिला जांजगीर-चांपा एवं सक्ती के लिए स्वीकृत व रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि कार्यालयीन अधिसूचना द्वारा उक्त पदों पर भर्ती हेतु आरक्षण रोस्टर के लिए अधिसूचना जारी किया गया था। उक्त अधिसूचना अपरिहार्य कारणो निरस्त किया गया है।

### आकस्मिक मृत्यु के 2 प्रकरणों में 8 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आकस्मिक आपदा मृत्यु के 2 प्रकरणों में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी है। बलौदा के ग्राम बुड़गहन निवासी रमायणदास की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पत्नी श्रीमती छेदीन बाई एवं ग्राम तुलसी निवासी रामलखन भैना की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती धनेश्वरी भैना को चार लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### महतारी वंदन योजना : हितग्राहियों का ई-केवाईसी होगा आज से

**जांजगीर-चांपा।** महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को प्रत्येक माह राशि निर्बाध रूप से प्राप्त हो सके, इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ऐसे हितग्राही जिनका ई-केवाईसी नहीं हो पाया है, उनका ई-केवाईसी शुक्रवार 3 अप्रैल से प्रारंभ किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि यह ई-केवाईसी अभियान 3 अप्रैल से 30 जून तक संचालित किया जाएगा। हितग्राही अपने निकटतम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर पंजीकृत नाम का मिलान कर सकते हैं। यदि पंजीयन एवं आधार कार्ड में नाम में किसी प्रकार की त्रुटि या भिन्नता पाई जाती है, तो उसके निराकरण के लिए हितग्राही जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग संबंधित परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना, पर्यवेक्षक अथवा अपने निकटतम आंगनबाड़ी केंद्र में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### ई-कोष के ई-चालान मॉड्यूल से ओटीसी चालान जमा की सुविधा शुरू

**जांजगीर-चांपा।** संचालनालय कोष एवं लेखा, छत्तीसगढ़ नया रायपुर के निर्देशानुसार भौतिक चालानों का प्रचलन समाप्त किये जाने एवं आनलाईन माध्यम से सही चालान जमा करने तथा सभी पक्षों हेतु उपयोगी होने से ओटीसी चालान की सुविधा चालू की गई है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री रूपेश पाठक ने बताया कि बैंक काउंटर पर केवल आनलाईन द्वारा जनरेट चालान जिसमें ट्रेजरी रेफरेंस नंबर की प्रविष्टि करके राशि जमा की जाती है। इसके अंतर्गत उपस्थित स्टाम्प वेंडरो को ऑनलाइन चालान जमा करने के संबंध में जिला कोषालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है।

### सूने मकान में साड़ी का फंदा लगाकर दी जान

**जैजैपुर।** सूने मकान में साड़ी का फंदा लगाकर युवक ने अपनी जान दे दी। घटना जैजैपुर थाने का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कलमी निवासी सोनू यादव पिता फूल सिंह यादव 37 वर्ष अपने ससुराल जैजैपुर वार्ड क्रमांक 8 स्थित सुने मकान पर अपनी पत्नी की साड़ी को फंदा बनाकर फांसी के फंदे पर झूल गया। घर के अन्य सदस्य कोई भी घर पर नहीं थे। पत्नी संतोषी घटना की सूचना थाने में दी सूचना पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया है। अग्रिम कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा शव विच्छेदन पश्चात लाश परिजनों को सौंप दी गई। शव को लेकर परिजन कलमी पहुंच उसका अंतिम संस्कार किया।

### जिला मुख्यालय में अधिवक्ता व पक्षकारों को होती है परेशानी

# उद्घाटन के साल भर बाद भी तहसील में उप पंजीयक कार्यालय का स्थानांतरण नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर में नए तहसील परिसर में उप पंजीयक कार्यालय का स्थानांतरण साल भर बाद भी नहीं हो सका है। ऐसे में पक्षकारों और अधिवक्ताओं को बेवजह परेशानी होती है, और उन्हें रजिस्ट्री से संबंधित कार्यो के लिए दोनों जगहों का चक्कर लगाना पड़ता है। खास बात यह है कि उप पंजीयक कार्यालय के स्थानांतरण की मांग लगातार की जा रही है। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है।

गौरतलब है कि जिला बनने के ढाई दशक बाद भी जहां मुख्यालय में जिला स्तर के अधिकांश कार्यालय जहां तहां बिखरे लगे हुए है। वहीं जिम्मेदार अफसरों की मनमानी के चलते तहसील के जमाने से एक परिसर में संचालित कार्यालय भी बिखरने लगे है। जांजगीर शहर के मुख्य चौराहा कचहरी चौक के पास पुराने तहसील भवन में तहसीलदार, एसडीएम के साथ उप पंजीयक का संचालन कई दशकों से होते रहा है। इस दौरान तहसील के पुराने भवन को डिसमेंटल करके नया भवन तैयार किया गया, तो एसडीएम और तहसीलदार के साथ उप पंजीयक के कार्यालय को भी वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कलेक्टोरेट के पासा जिला पंजीयक कार्यालय के एक कक्ष में शिफ्ट किया गया, जबकि एसडीएम कार्यालय को पुराना बीआरसी भवन (वर्तमान सीएसपी कार्यालय) और तहसील कार्यालय को उद्योग भवन में संचालित किया गया। इसके बाद बीते वर्ष जब नया तहसील भवन का उद्घाटन हुआ तो तहसीलदार और एसडीएम कार्यालय तत्काल शिफ्ट हो गए, लेकिन वैकल्पिक तौर पर जिला पंजीयक कार्यालय में संचालित उप पंजीयक कार्यालय आज तक तहसील परिसर में स्थानांतरित नहीं हो सका है। बताया जाता है कि नए तहसील भवन में उप पंजीयक कार्यालय के लिए भी कक्ष खाली है। इधर उप पंजीयक कार्यालय के तहसील परिसर में स्थानांतरण की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ के साथ स्थानीय लोगों ने भी हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा था। इस दौरान आश्वासन भी मिला, लेकिन उप पंजीयक कार्यालय का स्थानांतरण आज तक नहीं हो सका है। जिसके चलते पक्षकार, अधिवक्ताओं को स्टाम्प वेडरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



नया एसडीएम कार्यालय



पुराने जगह पर संचालित रजिस्ट्री कार्यालय।

#### पर्याप्त व्यवस्था

जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय के लिए भवन की पर्याप्त व्यवस्था है जिसके कारण कार्यालय का संचालन कलेक्ट्रेट परिसर के पास ही किया जा रहा है।

**-चित्रसेन पटेल,**
जिला पंजीयक

#### जगह देने तैयार

उप पंजीयक कार्यालय भवन संचालन को लेकर एसडीएम परिसर के पास भवन की व्यवस्था है। कार्यालय संचालन को लेकर जगह देने तैयार है।

**-सुब्रत प्रधान,**
एसडीएम जांजगीर

#### बनाएंगे रणनीति

उप पंजीयक कार्यालय का संचालन एसडीएम परिसर के पास ही होना चाहिए ताकि पक्ष कार एवं अधिवक्ताओं को परेशानी ना हो इसको लेकर रणनीति बनाएंगे।

**-नरेश शर्मा,**
अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ

# डबल मर्डर केस में पुलिस को मिले अहम सुराग

## तकनीकी टीम की मदद से हो रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी में हुए डबल मर्डर केस में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। एफएसएल, डॉग स्क्वॉड और साइबर टीम की मदद से पुलिस जांच में जुटी है। दम्पत्ति के पहचान के ही लोगों द्वारा वारदात को अंजाम देने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा किया है।

ग्राम खपरी में घर में सो रहे बुजुर्ग दम्पत्ति की मंगलवार की रात हत्या कर दी गई। अपराधियों ने संतराम साहू (65 वर्ष) और उनकी पत्नी श्याम बाई साहू (61 वर्ष) की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या की। बुधवार 1 अप्रैल की सुबह जब बड़ा बेटा किसी काम से घर पहुंचा तो अंदर एक ही कमरे में संतराम साहू और श्याम बाई की रक्त रंजीत लाश मिली। घर में दोनों बुजुर्ग ही रहते थे। उनके दो बेटे हैं जो अपने अपने परिवार के साथ गांव में ही अलग अलग घरों में निवास करते हैं। घटना की सूचना पर मुलमुला पुलिस के साथ ही एफ एस एल टीम और डॉग स्क्वॉड ने भी मौके पर पहुंच कर जांच की। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय भी घटनास्थल पहुंचे थे। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। आसपास के सीसी टीवी खंगाले गए हैं। साथ ही संदिगधों से पूछताछ भी जारी है। घटना स्थल पर मिले होली के मुखौटे और नकली बाल के साथ ही खून से सने नंगे पांव के निशान ने पुलिस को अहम सुराग दिए हैं। दम्पत्ति के पहचान के ही लोगों द्वारा वारदात को अंजाम देने की बात



सामने आ रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में कई महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। साथ ही जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का दावा भी किया जा रहा है।

### चोरी के फिराक में वारदात की चर्चा

घटना को लेकर गांव में कई तरह की चर्चा चल रही है। घटना स्थल पर मिले होली के मुखौटे और नकली बाल से यह शंका जताई जा रही है कि आरोपियों ने पहचान छुपाने के मकसद से इसका उपयोग किया। कुछ दिन पहले ही संतराम के पोते की शादी हुई थी। इस दौरान संतराम के घर में बहुत से लोगों का आना जाना हुआ। संतराम अपने घर में ही किराना दुकान भी चलाता था। उसकी पत्नी के गले से सोने का हार गायब होने की बात परिजनों ने पुलिस को बताई। ऐसे में चोरी की नियत से आरोपियों के घर में दाखिल होने की संभावना जताई जा रही है। संभावना है कि आरोपियों के घर में घुसने पर संतराम और उसकी पत्नी श्याम बाई जाग गए होंगे। छिना झपटी में मुखौटा और नकली बाल निकल गया होगा, जिसके कारण दम्पत्ति की हत्या कर दी गई और आनन फानन में आरोपी भाग निकले।

# आम बगीचा में जुआ खेल रहे दर्जन भर जुआरियों को पकड़ा



गिरफ्तार जुआरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा


सोनादह के आम बगीचा में जुआ खेल रहे 12 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दो अलग अलग प्रकरण में 15 हजार 970 रुपए व ताश पत्ती बरामद किया है। मामला बिर्रा थाना अंतर्गत ग्राम सोनादह का है।

इस संबंध में बिर्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिर्रा पुलिस द्वारा 1 अप्रैल को जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। जिसमें मुखबीर की सूचना पर बिर्रा पुलिस स्टॉफ के द्वारा ग्राम सोनादह आम बगीचा के पास घेराबंदी कर मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर जुआ रेड की कार्यवाही कर जुआडियानों को पकड़ा गया जिनके विरूद्ध दो फड़ संचालित होना पाये जाने से धारा 3(2) छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत अलग -अलग दो प्रकरण की कार्यवाही किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में प्रदीप कुमार, कृष्णा मनहर, शिवा निराला, दुर्गेश साहू, लोकनाथ खूंटे, खोलबहरा रात्रे, डहारू कश्यप, मंजित सारथी, धर्मेश कुमार धीवर, सम्मेलाल कश्यप, राकेश साहू एवं खिरोज कुमार रात्रे को गिरफ्तार किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बिर्रा निरीक्षक जय कुमार साहू, सहायक उप निरीक्षक नरेन्द्र शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक तीजराम जांगडे, प्रधान आरक्षक गौतम गोविन्द पाण्डेय, प्रधान आरक्षक दोमनिक तिग्गा, आरक्षक रघुवीर यादव, रामसाय साहू, दिलीप कश्यप, पतिराम यादव, राजकुमार जोशी, जनक राम कश्यप का विशेष योगदान रहा।

### इंडक्शन प्रशिक्षण के लिए एसपी पाण्डेय जाएंगे पुलिस अकादमी हैदराबाद

**जांजगीर-चांपा।** जिले के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय 6 अप्रैल से 15 मई तक आयोजित आईपीएस इंडक्शन प्रशिक्षण कोर्स में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान वे उच्च स्तरीय पुलिस प्रशासन एवं नेतृत्व संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। पुलिस अधीक्षक की प्रशिक्षण के दौरान में जिले के प्रशासनिक कार्यों की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने हेतु 11वीं बटालियन पुटपुरा, जांजगीर के सेनानी विमल कुमार बैंस को जिले के पुलिस अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान विमल कुमार बैंस द्वारा कानून व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा...



**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के कचहरी चौक, नेताजी चौक व केरा रोड सहित अन्य जगहों पर भ्रमण कराया गया। जहां श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।

### श्रीलक्ष्मी–नारायण महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव 24 से 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम हीरागढ़ (टुरी) में 24 अप्रैल से 30 अप्रैल तक भव्य पंचकुण्डात्मक श्रीलक्ष्मी–नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सात दिवसीय इस धार्मिक महोत्सव में क्षेत्र के श्रद्धालुओं को भगवान श्रीलक्ष्मी–नारायण की आराधना, वैदिक अनुष्ठान तथा श्रीमद् भागवत कथा श्रवण का अवसर प्राप्त होगा। महायज्ञ एवं कथा महोत्सव का आयोजन स्वामी राघवाचार्य महाराज (अयोध्या) के सानिध्य से किया जा रहा है। इस अवसर पर कथावाचक स्वामी पुण्डरीकाकाशाचार्य वेदांती महाराज वृंदावनधाम द्वारा प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा।वहीं महायज्ञ के दौरान

# किराना दुकान में चोरी करने वाले दो शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

किराना दुकान में चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला सिटी कोतवाली के देवाटन बिरगहनी का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शोभाराम साहू निवासी बिरगहनी ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह बिरगहनी चौक में किराना की दुकान चलाता है। दुकान संचालक 31 मार्च की रात में अपनी किराना दुकान में ताला बंद करके अपने घर चला गया था। अगले दिन 1 अप्रैल की सुबह आकर देखा तो इसकी किराना दुकान का ताला टूटा हुआ था। अज्ञात चोरों के द्वारा इसकी दुकान में रखें राशन का सामान कीमती 10 हजार को चोरी कर लिया गया। थाना प्रभारी जांजगीर जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में थाना कोतवाली के द्वारा घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया गया। जिसमें दो लड़के संदिग्ध हालत में घटना स्थल के आस पास समय घूमते मिले फुटेज का बारीकी से अवलोकन करने पर संदेहियों की पहचान अमित पटेल और राजवीर सिंह निवासी बिरगहनी के रूप में हुई। दोनों आरोपियों ने प्रार्थी के किराना दुकान में राशन का सामान चोरी करने का अपराध घटित करना स्वीकार किया। दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी गए राशन की सामग्री कीमती 10 हजार को बरामद किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



जब्त सामान के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## लोक कला एवं संस्कृति के प्रचार प्रसार को लेकर दी गई जानकारी

# कौशल विकास को बढ़ावा देने युवाओं को दी गई ईको टूरिज्म व पर्यटन की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में कौशल विकास को बढ़ावा देने के साथ साथ लोक कला संस्कृति के प्रचार प्रसार को लेकर युवाओं को जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में 43 युवाओं ने अपनी सहभागिता निभाई।

नगर पंचायत कार्यालय में इको-टूरिज्म एवं छत्तीसगढ़ शासन की उद्योग नीति 2024-30 विषय पर त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर पर्यटन की संभावनाओं को विकसित करना, युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना तथा राज्य की नई औद्योगिक नीति के अनुरूप कौशल विकास को बढ़ावा देना रहा।कार्यक्रम में कुल 43 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को होम-स्टे संचालन की प्रक्रिया, लोक कला एवं संस्कृति के संरक्षण और प्रचार-प्रसार, पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के व्यावसायिक उपयोग तथा ग्रामीण पर्यटन के विकास से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि किस प्रकार स्थानीय संसाधनों, प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासत को जोड़कर पर्यटन को एक सशक्त रोजगार माध्यम बनाया जा सकता है। दूसरे दिवस में प्रशिक्षण के अंतर्गत कोरबियन एडवेंचर क्लब, कोरबा द्वारा नाइट कैंपिंग एवं ट्रैकिंग पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को एडवेंचर गतिविधियों के सुरक्षित संचालन, आवश्यक उपकरणों के सही उपयोग, टीम मैनेजमेंट तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए प्रायोगिक अभ्यास भी करवाए गए, जिससे प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत एवं सीएमओ कन्हैया निर्मलकर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से क्षेत्र में इको-टूरिज्म को नई दिशा मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।




प्रशिक्षण के जरिए प्रशस्त्रि पत्र प्राप्त करते युवा।

# शराब के नशे में महिला से मारपीट धमकी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शराब के नशे की हालत में एक युवक ने महिला से मारपीट करने का मामला सामने आया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीडित महिला ने अकलतरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31 मार्च की रात लगभग 10 से 11 बजे के बीच मस्जिद मोहल्ला निवासी इब्राहिम खान उर्फ नक्कू उम्र 29 वर्ष शराब के नशे में उसके घर पहुंचा। आरोपी ने महिला के साथ अश्लील गाली-गलौच करते हुए, पैसों की मांग की पैसे नहीं देने पर आरोपी ने महिला और उसकी मां के साथ मारपीट की तथा बाल पकड़कर घसीटा, जिससे दोनों को चोटें आईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने के तहत धारा 296, 351(3), 115(2), 119(1) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। प्रकरण की विवेचना के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण कर गवाहों के बयान दर्ज किए गए। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी अकलतरा के नेतृत्व में महिला प्रधान आरक्षक स्वाति गिरोलकर, आरक्षक राज पांडे और रमेश भारद्वाज का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### कोलाहल अधिनियम का पालन नहीं करने वालों पर होगी कार्रवाई

**कोरबा।** इन दिनों महाविद्यालयों और स्कूलों की परीक्षाएं जारी हैं। एक ओर जहां छात्र छात्राएं अपने भविष्य को संवारने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शहर और आसपास के क्षेत्रों में हो रहे विभिन्न आयोजन उनके लिए परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। कोलाहल (ध्वनि प्रदूषण) अधिनियम के नियमों की अनदेखी के चलते लाउडस्पीकर, डीजे और तेज ध्वनि वाले कार्यक्रमों से विद्यार्थियों की पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी प्रभावित हो रही है। शहर के कई इलाकों में देर रात तक धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों में तेज आवाज में गाने और उद्घोषणाएं की जा रही है, जिससे आसपास रहने वाले छात्रों को एकाहता बनाए रखने में कठिनाई हो रही है। खासकर कालेज और स्कूली बच्चे परीक्षाओं में शामिल हो रहे हैं। विद्यार्थियों के लिए यह स्थिति और भी गंभीर हो गई है। अभिभावकों का कहना है कि परीक्षा के इस महत्वपूर्ण समय में प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए और कोलाहल अधिनियम का सख्ती से पालन कराना चाहिए।

### परीक्षा के बाद शिक्षक घर-घर पहुंचकर जुटाएंगे डाटा

**कोरबा।** भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच, जब स्कूल बंद रहेंगे, तब प्रदेश के हजारों सहायक शिक्षक और शिक्षक घर-घर जाकर डेटा जुटाने का काम करेंगे। शिक्षा विभाग ने सभी शिक्षकों की सूची सौंप दी है, जिसके बाद अब ड्यूटी और ट्रेनिंग का चार्ट तैयार हो गया है। शिक्षक 1 मई से जनगणना के कार्य में लग जाएंगे। आगामी जनगणना को लेकर शिक्षा विभाग ने कमर कस ली है। इस बार सहायक शिक्षकों और शिक्षकों को प्रगणक के रूप में तैनात करने की तैयारी पूरी हो चुकी है। शिक्षा विभाग ने अपने अंतर्गत आने वाले सभी सहायक शिक्षकों और शिक्षकों का डेटा संकलित कर तहसील कार्यालयों को भेज दिया है। जनगणना का कार्य तकनीकी और संवेदनशील होता है, इसलिए इसे चरणों में पूरा किया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर्स की ट्रेनिंग शुरू हो गई है।

### इस माह में दिखेंगे मौसम के अलग-अलग रंग, मौसम विभाग अलर्ट

**कोरबा।** महीने के पहले पखवाड़े में जहां पारा सामान्य से 2.4 डिग्री अधिक होकर 38 डिग्री तक पहुंच गया था, वहीं आखिरी दिन मंगलवार को 35 डिग्री पर आ गया। यह सामान्य से कम रहा। बीते दिनों हल्की बूंदाबांदी ने भी दिनभर मौसम को खुशनुमा बनाए रखा, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। कहीं-कहीं धूलभरी तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि भी हो सकती है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अप्रैल में भी यही आंख-मिचौली जारी रहेगी। कभी बादल, कभी बारिश और बीच-बीच में तेज गर्मी पड़ेगी। मौसम विभाग ने बताया कि 1 से 7 अप्रैल तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहेगा। आसमान में बादल छाए रहेंगे।

# लागू हुआ नया श्रम कानून, सैलरी से लेकर ओवरटाईम के बदलेंगे नियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश में श्रमिकों और कंपनियों के लिए बड़ा बदलाव होने जा रहा है। एक अप्रैल से नए श्रम कानून लागू कर दिए गए हैं। नए श्रम कानून के लागू होने के बाद कर्मचारियों की सैलरी, ओवरटाइम, काम के घंटे और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े नियमों में बड़े बदलाव की संभावना है। केंद्र सरकार चारों लेबर कोड के नियमों को अंतिम रूप दे दिया है। जिनका असर कर्मचारियों और कंपनियों पर पड़ेगा।

अलग खबर

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 44 पुराने श्रम कानूनों को सरल बनाकर चार प्रमुख कोड, सामाजिक सुरक्षा कोड, औद्योगिक संबंध कोड और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति कोड में वेतन कोड को समाहित किया है। इनका उद्देश्य श्रम कानूनों को सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। नए नियमों के तहत काम के घंटे फिलहाल 8 घंटे प्रतिदिन और 48 घंटे साप्ताहिक ही रहेंगे, लेकिन कार्य व्यवस्था को अधिक लचीला बनाया जाएगा। कंपनियां कर्मचारियों को फ्लेक्सिबल वर्किंग ऑप्शन दे सकेंगी।

### काम के घंटे और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े नियमों में होगा बदलाव



#### फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉयमेंट होगा लागू

एटक के श्रमिक नेता दीपेश मिश्रा ने बताया कि केंद्र सरकार के द्वारा नये श्रम कानून लागू कर दिए गए हैं। इस नियम के तहत अब फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉयमेंट दिया जाएगा। मतलब साफ है कि अगर खदान में 10 साल कोयला होगा तो कंपनी निश्चित अवधी रोजगार नियम के तहत केवल दस साल के लिए ही नौकरी देगा। इसी तरह काम की अवधी भी 8 घंटे से अधिक बढ़ाई जा सकती है। इसके अलावा जेबीसीसीआई सहित अन्य कमेटी जिनमें वेज एग्रीमेंट होता था वह अब बंद हो जाएगा। कंपनी खुद वेज का निर्धारण करेगी। इसके लिए ना ही कोई चर्चा होगी और ना मोलभाव किया जा सकेगा।

का लक्ष्य मार्च 2026 तक करीब सौ करोड़ श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाना है। अभी यह संख्या लगभग 94 करोड़ है। नए कोड के तहत असंगठित क्षेत्र, गिग वर्कर्स, प्लेटफॉर्म वर्कर्स और स्वरोजगार करने वाले लोगों को भी शामिल किया जाएगा।

### महिलाओं और कर्मचारियों के लिए नए अधिकार

सभी कर्मचारियों को अपॉइंटमेंट लेटर देना अनिवार्य होगा। समान काम के लिए समान वेतन सुनिश्चित किया जाएगा। महिलाएं सुरक्षा प्रबंधों के साथ सभी शिफ्टों में काम कर सकेंगी। 40 वर्ष से अधिक उम्र के कर्मचारियों को मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलेगी। नए श्रम कानूनों में ओवरटाइम और कार्य व्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाया गया है। इससे उद्योगों को काम के उतार-चढ़ाव को संभालने में मदद मिलेगी और कर्मचारियों को अतिरिक्त काम के लिए बेहतर मुआवजा मिलेगा।

ओवरटाइम को भी व्यवस्थित किया गया है, जिससे कर्मचारियों को अतिरिक्त काम के लिए उचित भुगतान मिलेगा और कंपनियों को जरूरत के अनुसार काम का प्रबंधन करने में आसानी होगी। सरकार

## तीन यात्रियों को आयी मामूली चोट, चालक के खिलाफ अपराध दर्ज, ट्रेलर जब्त

# नशे में धुत ट्रेलर के चालक ने बस को मारी टक्कर

# बस चालक की तत्परता से बाल बाल बचे यात्री



दुर्घटनाग्रस्त बस।





दुर्घटनाकारित ट्रेलर वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले से सवारी लेकर एक बस कोरबा के लिए रवाना हुई थी कि बीच रास्ते में पहुंची थी कि सामने आ रही एक ट्रेलर का चालक नशे में धुत्त था जिसने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बस को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बस के चालक ने तत्परता दिखाई और बस को साइड किया जिससे का एक हिस्सा ही क्षतिग्रस्त हुआ और इस घटना में दो लोगों को गंभीर चोट लगी है जबकि अन्य यात्रियों को मामूली चोट आयी है। घटना के बाद पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत पेंड्रा से कोरबा आ रही जयश्री राजपूत कंपनी की यात्री बस क्रमांक सीजी 10 बीजी 1600 जैसे ही ग्राम लैंगा पास पहुंची थी कि एक ट्रेलर क्रमांक सीजी 10-1301 के चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन को चलाते हुए यात्री बस को विपरीत दिशा से ठोकर मारते हुए निकल गई। पसान थाना प्रभारी एसआई चन्द्रपाल खाण्डे ने बताया कि यह दुर्घटना ग्राम लैंगा के पास बांस प्लान्ट मार्ग में हुई। यात्री बस पेंड्रा से आकर कोरबा की ओर जा रही थी और दुर्घटना स्थल मार्ग में एक ट्रेलर क्रमांक सीजी 10-1301 दुर्ग से आकर मध्यप्रदेश की ओर जा रही थी। ट्रेलर में रेलवे का निर्माण संबंधी लोहा सामग्री लोड था जिसका कुछ हिस्सा बाहर की ओर निकला था। मार्ग से बस और ट्रेलर के अगल-बगल से गुजरने के दौरान उक्त लोहे का निकला हुआ हिस्सा बस को रगड़ते हुए निकल गया जिसके कारण चालक की तरफ से बस का लगभग आधा हिस्सा बीच से उखड़ गया। दुर्घटना में ग्राम पत्थर फोड़ पसान निवासी परसिया बाई को गंभीर चोट आयी है। शेष अन्य दो यात्रियों को मामूली चोटें आयी हैं। दुर्घटना में बस चालक पंकज यादव की रिपोर्ट पर ट्रेलर चालक सौरभ पटेल के विरुद्ध धारा 281, 125 (ए) तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर ट्रेलर वाहन को जप्त कर लिया गया है।

### ट्रेलर ने बाइक चालक को मारी ठोकर, गंभीर

हादसों का ब्लैक स्पॉट बन चुके कोरबा कुसमुंडा मार्ग अंतर्गत वैशाली नगर खम्हरिया मोड में बुधवार की दोपहर फिर एक हादसा हो गया। जिसमें पेट्रोल टंकी के पास विपरीत दिशा में जाने मूड रही ट्रेलर में एक बाइक सवार से भिंड़त हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चालक के पैर में गंभीर चोट लगी। घटना की सूचना मिलते ही कुसमुंडा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक को कोरबा रेफर किया जा रहा है। वहीं लापरवाही पूर्वक वाहन चला रहे चालक को वाहन सहित थाने ले जाया गया है। घायल युवक का नाम देव वशिष्ठ बताया जा रहा है जो कि दीपका का रहने वाला है। मामले में पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

### अंधेरा व अंधा मोड़ दे रहा दुर्घटना को आमंत्रण

एसईसीएल गेवरा खदान विस्तार के लिए भठोरा की जमीन अधिग्रहण कर मुख्य सड़क की खोदाई करने से पूर्व गेवरा प्रबंधन ने भिलाईबाजार तालाब मोड़ से नराईबोध के आगे मुख्य मार्ग लगभग 5 किमी लंबी सूनसान और इस सड़क में कई अंधे मोड़ जो दुर्घटना को निमंत्रण दे रही है। ग्रामवासियों व कई संगठनों ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता, अंधे मोड़ व रात में बिजली व्यवस्था बिना चलना सीधा दुर्घटना को निमंत्रण देने जैसा है। इन विरोधों के बाद भी सड़क में आवागमन शुरू कर खदान विस्तार कर मुख्य सड़क की खुदाई शुरू की। तब से बाईपास मार्ग में व्यवस्थित बिजली की व्यवस्था भी की गई थी लेकिन यह कुछ दिनों से रात में स्ट्रीट लाईट बंद रहता है। जिससे सड़क पूरी तरह अंधेरा व सुनसान रहता है जिसके कारण कभी भी दुर्घटना हो सकती है।



### कोयला के राखड़ से राहगीर हो रहे परेशान

**कोरबा।** रेलवे स्टेशन कोरबा की सेकेंड एंट्री सड़क पर उड़ती कोल डस्ट से राहगीर परेशान है। मार्ग से शहरवासी कोरबा रेलवे स्टेशन की ओर आवाजाही करते हैं। कोल साइडिंग के कारण भारी वाहनों की मार्ग पर आवाजाही होती है। सड़क पर पानी का छिड़काव नहीं कराया जाता है। खासकर सुबह और शाम को यात्री ट्रेनों की स्टेशन से छूटने व पहुंचने के समय सड़क पर पानी का छिड़काव जरूरी हो गया है। क्योंकि इस समय सड़क पर आवाजाही बढ़ जाती है। स्टेशन के पास निर्मित वाहन पार्किंग में खुले आसमान के नीचे गाड़ियां खड़ी करते हैं, इस कारण वाहन में कोल डस्ट चिपकने से यात्री परेशान होते हैं।

### कोयला पेंशन में तत्काल संशोधन की मांग

**कोरबा।** कोयला क्षेत्र के सेवानिवृत्त कर्मियों की पेंशन में संशोधन की मांग को लेकर कोल इंडिया लिमिटेड और सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन व निदेशकों के 75 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप करने की अपील की है। प्रधानमंत्री के नाम जारी ज्ञापन में कहा गया है कि कोयला क्षेत्र के लगभग 5 लाख सेवानिवृत्त कर्मचारी वर्षों से पेंशन संशोधन का इंतजार कर रहे हैं। सेवानिवृत्ति के समय तय की गई पेंशन आज भी बिना किसी महंगाई समायोजन के जस की तस बनी हुई है, जिससे पेंशनभोगियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व अधिकारियों ने कहा कि देश की 55 प्रतिशत से अधिक व्यावसायिक ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में कोयला क्षेत्र की अहम भूमिका है।

**कार्यालय कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र 131/ब-121/2025-2026
ग्राम- हरदी तहसील-अकलतरा

आवेदक श्री विवेक कुमार साहू उम्र 34 वर्ष पिता श्री राधेश्याम साहू जाति तेली निवासी हरदी तहसील अकलतरा थाना बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका निधी डहरिया उम्र 35 वर्ष पिता श्री सोहन लाल जाति सूर्यवंशी निवासी जांजगीर तहसील व थाना जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**बनाम** छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम हरदी तहसील अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विवेक कुमार साहू उम्र 34 वर्ष पिता श्री राधेश्याम साहू जाति तेली निवासी हरदी तहसील अकलतरा थाना बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका निधी डहरिया उम्र 35 वर्ष पिता श्री सोहन लाल जाति सूर्यवंशी निवासी जांजगीर तहसील व थाना जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस कार्यालय में दिनांक 29.04.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.03.2026 को कार्यालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**संयुक्त कलेक्टर**
**एवं विवाह अधिकारी**
**जिला -जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्यपाल रमेन डेका कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढपढप-बांकीमोंगरा में आयोजित दिव्य श्री हनुमंत कथा एवं 108 दिव्यांग एवं निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों से भेंट की और उनके सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। इस दौरान उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को सम्मान स्वरूप 5 हजार रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा भी की। राज्यपाल श्री डेका से कथावाचक पं. धीरेंद्र शास्त्री ने भी सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत सहित अन्य अधिकारी एवं आयोजन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। राज्यपाल रमेन डेका ने ग्राम ढपढप में कार्यक्रम स्थल पर एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण भी किया।

### खास बात

- बागेश्वरधान कथा में उमड़ा जनसैलाब, 383 लोगों ने की घर वापसी



सामूहिक विवाह में उपस्थित महामहिम राज्यपाल।

जिले में आयोजित बागेश्वर धाम कथा के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की घर वापसी हुई है। कथा के दौरान 583 लोगों ने सनातन धर्म अपनाया, जिनमें एक मुस्लिम परिवार भी शामिल बताया जा रहा है। ढपढप क्षेत्र में आयोजित 5 दिवसीय कथा के चौथे दिन पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दिव्य दरबार में भारी भीड़ उमड़ी। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में 2 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। दरबार में महिलाओं और पुरुषों को झूमते हुए देखा गया, वहीं भूत-प्रेत बाधा से पीड़ित लोगों के उपचार और समस्याओं के समाधान का भी दावा किया गया। कथा के दौरान पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने धर्मांतरण के मुद्दे पर कड़ा संदेश देते हुए कहा कि वे हिंदुओं को न कटने देंगे, न बंटने देंगे और न मिटने देंगे। उन्होंने कहा कि लालच में धर्म बदलने वाले कई लोग अब पुनः सनातन धर्म की ओर लौट रहे हैं। इस दौरान एक भावुक दृश्य भी सामने आया, जब पाली मुनगाडीह निवासी एक गरीब बुजुर्ग ने अपनी आर्थिक स्थिति कमजोर होने की बात कही। इस पर पंडित शास्त्री ने तत्काल 50 हजार रुपए की सहायता दी और उपस्थित जनप्रतिनिधियों व यजमानों से सहयोग की अपील की। इसके बाद बुजुर्ग को कुल 1 लाख 20 हजार रुपए की मदद दी गई। साथ ही उसे सुरक्षित घर पहुंचाने की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम के दौरान पंडित शास्त्री ने लोगों से जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने का आह्वान किया और कहा कि समाज को सेवा और सहयोग की भावना से आगे बढना चाहिए।

# स्वास्थ्य विभाग को मिली पांच नई संजीवनी एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वास्थ्यगत आपात स्थिति में अब जिले के नागरिकों तक तेज, सुलभ और जीवन रक्षक चिकित्सा सहायता की पहुँच बढ़ेगी। विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से 5 नए संजीवनी एक्सप्रेस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

उन्होंने जिलेवासियों को इस महत्वपूर्ण सुविधा के लिए बधाई दी और कहा कि यह पहल आमजन के स्वास्थ्य सुरक्षा को और सुदृढ़ करेगी। विधायक श्री पटेल व महापौर श्रीमती राजपूत ने जिलेवासियों को बधाई देते हुए कहा की नए संजीवनी एक्सप्रेस वाहन के आ जाने से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि संजीवनी एक्सप्रेस के माध्यम से अब कोरबा जिला आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में एक नई दिशा की ओर बढ़ रहा है, जहां समय पर उपचार और बेहतर सुविधाएं हर नागरिक तक पहुंच सकेंगी। उन्होंने कहा कि इन वाहनों के जुड़ने से विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा। आपातकालीन परिस्थितियों में अब त्वरित चिकित्सा सहायता की पहुंच बढ़ेगी, जिससे गंभीर मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा और जान बचाने की संभावनाएं भी मजबूत होंगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिले को 13 संजीवनी एक्सप्रेस आबंटित की गई हैं।

**कार्यालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी /**
**तहसीलदार बम्हनीडीह,**
**जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
ग्राम-करनौद
दिनांक ........................

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीराम पिता सीताराम जाति कहरा निवासी करनौद तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने स्वयं मनीराम के जन्म दिनांक 10/09/1968 स्थान करनौद में होने एवं पंजीयन नहीं कराने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पटवारी प्रतिवेदन मय पंचनामा शपथ पत्र सहित पेश किया है। अतः जिस किसी व्यक्ति को दावा / आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07/04/2026 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथी के पश्चात् दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.03.26 को न्यायालय के सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**बम्हनीडीह**

**कार्यालय कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र 121/ब-121/2025-2026
ग्राम- कुरदा तहसील-चांपा

आवेदक श्री सूरज कुमार कुर्रे उम्र 32 वर्ष पिता श्री भिखूराम कुर्रे जाति सतनामी निवासी ग्राम कुरदा तहसील व थाना चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका रोशनी कुमारी दिवान उम्र 28 वर्ष पिता श्री शिवकुमार दिवान जाति पनिका निवासी दोंदरो महंत मुहल्ला बालको तहसील कोरबा थाना बालको जिला कोरबा (छ.ग.)

**बनाम** छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम कुरदा तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सूरज कुमार कुर्रे उम्र 32 वर्ष पिता श्री भिखूराम कुर्रे जाति सतनामी निवासी ग्राम कुरदा तहसील व थाना चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका रोशनी कुमारी दिवान उम्र 28 वर्ष पिता श्री शिवकुमार दिवान जाति पनिका निवासी दोंदरो महंत मुहल्ला बालको तहसील कोरबा थाना बालको जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस कार्यालय में दिनांक 22.04.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17.03.2026 को कार्यालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**संयुक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**कार्यालय तहसीलदार पामगढ़,**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**
क्रमांक / / तह./वा./26
पामगढ़, दिनांक 23.03.2026
रा.प्र.क्र 202603063100086/स-132
ग्राम - सिरली प.ह.नं.

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक भगवती प्रसाद अंचल पिता ठंडा राम अंचल जाति सूर्यवंशी ग्राम सिरली थाना पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. ने आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र पेश कर निवेंदन किया है की आवेदक अपने पिता ठंडा राम पिता नगरिया का मृत्यु दिनांक 01.01.2009 को ग्राम सिरली पर हुआ है जिसका भूलवश पंजीयन ग्राम सिरली में नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र का मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 07.04.2026 को दावा/आपत्ति पेश कर सकते है।

आज दिनांक 23.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार पामगढ़**
**जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**कार्यालय तहसीलदार पामगढ़,**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**
क्रमांक / / तह./वा./26
पामगढ़, दिनांक 23.03.2026
रा.प्र.क्र. 202603063100085/स-132
ग्राम-सिरली प.ह.नं.

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक भगवती प्रसाद अंचल पिता ठंडा राम अंचल जाति सूर्यवंशी ग्राम सिरली थाना पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग.ने आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र पेश कर निवेंदन किया है की आवेदक अपने माता सुभौतीन पति नगरिया अंचल का मृत्यु दिनांक 06.06.2010 को ग्राम सिरली पर हुआ है जिसका भूलवश पंजीयन ग्राम सिरली में नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र का मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 07.04.2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकते है।

आज दिनांक 23.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार पामगढ़**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

## गड़बड़ी: तीन मेडिकल दुकानों के लायसेंस किए गए निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला दंडाधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में एवं सहायक औषधि नियत्रंक के मार्गदर्शन में औषधि विभाग के औषधि निरीक्षको के द्वारा जिले में स्थित मेडिकल स्टोर्स में बिना प्रिस्क्रीपसन के प्रतिबंधित नशीली दवाओ औषधियो के व्यापार पर नियंत्रण हेतू औचक निरीक्षण की कार्यवाही किया जा रहा है।

इसी कड़ी में विगत दिनों में हरदीबाजार स्थित अन्नपूर्णा मेडिकल स्टोर्स, पाली स्थित जीके मेडिकल स्टोर्स, बालको स्थित मिश्रा मेडिकल स्टोर्स, ओम सांई मेडिकल गोढी, भैसमा स्थित मेनन मेडिकल, जायसवाल मेडिकल, मोनिशा मेडिकल स्टोर्स, प्रिशा मेडिकल ढेलवाडीह, सोहागपुर स्थित गर्वित मेडिकल स्टोर्स एवं छुरी स्थित मारूति मेडिकल स्टोर्स की जांच की गयी थी एवं जांच के दौरान औशधियों के क्रय-विक्रय अभिलेख मे अनियमितता पाये जाने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उक्त फर्मो मे से हरदीबाजार स्थित अन्नपूर्णा मेडिकल स्टोर्स, पाली स्थित जीके मेडिकल स्टोर्स, एवं सोहागपुर स्थित गर्वित मेडिकल स्टोर्स के द्वारा प्रस्तुत नोटिस का जवाब संतोषप्रद नही पाये जाने के कारण तीनो फर्मो का लाइसेंस का निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान फर्म से औषधियो का क्रय विक्रय नही किया जाएगा।

जाँजगीर मार्केट

**फर्नीचर एवं डोर**

आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।

विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टैंड डिजाईन एवं डेकोरेशन

**आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर**
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021


DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित

सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ

प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# सच्चाई और झूठ के बीच की लाइन होती जा रही धुंधली : अमिताभ

**मुंबई।** 83 साल की उम्र में भी अमिताभ बच्चन लगातार फिल्में कर रहे हैं। बिग बी ने हाल ही में बताया कि उनकी 'कल्कि 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। वहीं ,अब उन्होंने सोशल मीडिया पर एक ब्लॉग पोस्ट किया है, जो हर किसी को सरप्राइज कर रहा है। बिग बी ने अपने इस ब्लॉग में बताया कि जब लोग उनसे पूछते हैं कि आप इतनी मेहनत क्यों करते रहते हैं, तो अमिताभ बच्चन का जवाब बहुत सीधा होता है- 'क्यों नहीं?' अमिताभ बच्चन ने आज की दुनिया के बारे में भी लिखा। उन्होंने लिखा कि आज जानकारी इतनी ज्यादा हो गई है कि सच्चाई और झूठ के बीच की लाइन धुंधली होती जा रही है।' बिग बी की इस पोस्ट ने फैंस को सरप्राइज कर दिया है।

## लाइफ Style

# मोना

## मां का सम में दिखाएंगी सिंगल मदर्स का नया रूप

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक्ट्रेस मोना सिंह हाल ही में रिलीज हुई क्राइम थ्रिलर 'सूबेदार' में नजर आई थीं। अब वो नई सीरीज 'मां का सम' में नजर आने वाली हैं। माफिया क्वीन बनने के बाद अब वो एक सिंगल मदर के रोल में नजर आएंगी।

मोना ने हाल ही में अपने इस रोल की खासियत बयां की। अपने किरदार का जिक्र करते हुए मोना ने कहा, 'मैंने पहले भी मां के किरदार निभाए हैं, लेकिन विनीता मुझे काफी अलग लगी। उसे उस परफेक्ट और त्याग करने वाली मां की तरह नहीं लिखा गया है, जैसा हम कई साल से देखते आ रहे हैं। काफी समय से हमने मांओं को एक ऊंचे दर्जे पर बिठा दिया है, जहां उनकी पूरी पहचान बस त्याग और बलिदान तक सिमट कर रह जाती है।'मोना ने आगे कहा, 'मेरा किरदार विनीता इसी सोच को तोड़ती है। वो एक मां है, लेकिन एक ऐसी औरत भी है जिसकी अपनी अलग जिंदगी, अपनी पसंद और अपनी इच्छाएं हैं। उसे साथ की तलाश है, वो डेटिंग के लिए तैयार है और अपनी शर्तों पर चीजें समझ रही है। यही ईमानदारी मुझे इस किरदार की तरफ खींच ले गई। यह बहुत असली और आज के दौर का किरदार लगा।' अपने किरदार पर विस्तार से चर्चा करते हुए मोना ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह किरदार बहुत जरूरी है, खासकर युवा दर्शकों के लिए। इसे देखने के बाद वो अपनी मांओं को सबसे पहले एक इंसान के तौर पर देखेंगे। उनके भी सपने होते हैं, भावनाएं होती हैं और माता-पिता होने के अलावा भी एक अपनी जिंदगी होती है।



## हॉलीवुड मसाला



# क्रिप्टो को बचाने के खातिर लड़ेगी सुपरगर्ल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'सुपरगर्ल' का ट्रेलर मेकर्स द्वारा रिलीज कर दिया गया है। इस बार सुपरगर्ल अपने सबसे करीबी दोस्त की जिंदगी के लिए लड़ती नजर आएगीं। 'सुपरगर्ल' के फैंस का इंतजार अब खत्म हो चुका है। मेकर्स ने इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। 2 मिनट 56 सेकंड के इस ट्रेलर में सुपरगर्ल खतरों के बीच लड़ती और खुद को खोजती नजर आएंगी। हॉलीवुड फिल्म 'सुपरगर्ल' का ट्रेलर मंगलवार देर रात रिलीज किया गया। इसकी शुरूआत सुपरगर्ल और सुपरमैन के बीच बातचीत से होती है, जिसमें सुपरमैन पूछता है कि सुपरगर्ल कब वापस लौटेगी?




# हाथ मिलाना पड़ा महंगा प्रोजेक्ट से हुईं बाहर...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री डकोटा जॉनसन अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने एक ऑडिशन से जुड़ा हैरान कर देने वाला किस्सा सुनाया है। उनके मुताबिक एक बार वह एक फिल्म के लिए ऑडिशन देने गई थीं। उनके शिष्टाचार वाली बात की वजह से उन्हें प्रोजेक्ट से बाहर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि कैसे वह कमरे में गईं और टीम का अभिवादन किया। इस बात को वह एक सामान्य बातचीत मान रही थीं। हालांकि, यह दूसरे पक्ष के लिए असामान्य बात थी। उस पल को याद करते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'मैं कमरे में गई, मैंने सबसे हाथ मिलाया और अपना परिचय दिया। सीन पूरा करके वहां से निकलने के बाद मुझे पता चला कि इस तरीके को उस तरह से नहीं लिया गया जैसा मैंने सोचा था। इस पर मिली प्रतिक्रिया काफी अजीब थी।'



# 14 साल लड़ाई के बाद भी इंसाफ नहीं

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने अभिनेत्री अनीता आडवाणी की वह अपील खारिज कर दी है, जिसमें उन्होंने दिवंगत सुपरस्टार राजेश खन्ना के साथ अपने रिश्ते को शादी जैसा रिश्ता मानते हुए कानूनी दर्जा देने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने डिंडोशी कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। फैसले के बाद एक बातचीत में अनीता बेहद आहत और भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले को कई साल दिए पर उनकी बात कभी ठीक से सुनी ही नहीं गई। अनीता ने कहा कि लिव-इन और शादी जैसे संबंधों के मामलों में महिलाओं के लिए न्याय पाना बेहद मुश्किल है। मेरे साथ भी यही हुआ। पहले मुझे उस घर से बाहर किया गया, फिर 14 साल तक लड़ती रही और फिर भी इंसाफ नहीं मिला। सबसे बड़ा दुख यही है कि मुझे अपनी बात साबित करने का मौका ही नहीं दिया गया।



# शराब पीने वालों के साथ काम नहीं करता

**नई दिल्ली।** अभिनेता, निर्माता और लेखक विवेक वासवानी ने सुपरस्टार सलमान खान को कई खुलासे किए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि पत्थर के फूल के बाद उन्होंने दोबारा क्यों सलमान खान जैसे सुपरस्टार के साथ काम नहीं किया? हालांकि, उन्होंने कुछ खास परिस्थितियों में सुपरस्टार के पेशेवर रवैये की सराहना भी की। विवेक वासवानी ने डिसिप्लिन, क्रिएटिव प्रोसेस और सलमान के साथ काम करने के अपने अनुभव को लेकर बात की। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें सलमान के साथ दोबारा काम करने का मन नहीं हुआ, तो वासवानी ने साफ कहा, 'नहीं हुआ।' उन्होंने आगे कहा कि मैं ऐसी जगह काम नहीं कर सकता, जहां शराब हो। मैं ऐसी जगह काम नहीं कर सकता, जहां लोग शराब पीते हों और अनुशासनहीनता के साथ काम करते हों।

## टीवी मसाला




# शिल्पा के शो भाभीजी घर पर हैं 2.0 बंद हो रहा...

**नई दिल्ली।** टेलीविजन का सबसे फेमस सिटकॉम 'भाभी जी घर पर हैं 2.0 ' का कुछ महीने पहले ही प्रीमियर हुआ था। इसमें अंगूरी भाभी शिल्पा शिंदे की वापसी हुई थी, लेकिन अब शो बंद होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'भाभी जी घर पर है! 2.0' के बंद होने की संभावना &टीवी में हो रहे बड़े बदलावों के कारण है, जिसके तहत कंपनी नए कंटेंट मेकिंग बंद करने की प्लानिंग कर रही है। शो से जुड़े सूत्रों ने बताया कि शो के कलाकार और क्रू 5 अप्रैल को अपना आखिरी एपिसोड शूट करेंगे। एंड टीवी के मई 2026 से सशुल्क री-रन चैनल बनने की उम्मीद है। यह बदलाव नए प्रबंधन के कार्यभार संभालने के बाद लागू होगा, जो चैनल की रणनीति में बदलाव की प्लानिंग करेगा। आने वाले हफ्तों में, चैनल नए शो पर ध्यान देना बंद कर देगा और पुराने कार्यक्रमों का ही प्रसारण करेगा। इसका सीधा असर चैनल पर चल रहे मौजूदा शो पर पड़ेगा। चैनल के सबसे फेमस और लंबे समय तक चलने वाले शो में से एक 'भाभीजी घर पर हैं!' के बहुत सारे फैंस हैं, ये अब बंद होने वाला है। खबरों के मुताबिक, इस बड़े बदलाव के तहत 'भाभीजी घर पर हैं 2.0' भी बंद हो जाएगा और शो का आखिरी एपिसोड 16 अप्रैल को प्रसारित होने की उम्मीद है। इससे पहले मीडिया में ऐसी अटकलें थीं कि 'भाभीजी घर पर हैं! 2.0' ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर शिफ्ट हो जाएगा। खबरों के अनुसार, 'भाभीजी घर पर हैं!' किसी दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के बजाय बंद हो जाएगा।

## तारक मेहता में कभी नहीं आएंगी दयाबेन

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में मिसेज सोढ़ी का किरदार निभाने वालीं जेनिफर मिस्त्री ने दयाबेन के किरदार और दिशा वकानी की वापसी को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। जेनिफर का कहना है कि दिशा वकानी कभी भी शो में वापसी नहीं करेंगी और उनके कमबैक की जो खबरें आती रहती हैं, मेकर्स जो उनके आने की बात कहते हैं, वह सब मार्केटिंग स्ट्रैटेजी है। जेनिफर मिस्त्री अब 'तारक मेहता' का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने 15 साल तक शो का हिस्सा रहने के बाद 2023 में इसे छोड़ दिया था। बाद में जेनिफर मिस्त्री ने प्रोड्यूसर असित मोदी पर संगीन आरोप लगाए थे। वहीं, दिशा वकानी ने 2017 में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' छोड़ा था, और तबसे उन्होंने शो में वापसी नहीं की है। तब से अभी तक 10 साल बीत चुके हैं, पर दिशा वकानी की कमबैक की खबरें आती रहती हैं।



# कर्ज में डूबे दोस्त के लिए रफी ने फ्री में गाए थे 52 साल पुरानी फिल्म के गाने

*__नई दिल्ली।__ हिंदी सिनेमा के लोकप्रिय गायकों में मोहम्मद रफी का नाम भी शामिल रहता है। बेशक रफी साहब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा गाए गए शानदार गीतों को आज भी श्रोता सुनना पसंद करत हैं। यूं तो सिनेमा जगत में मोहम्मद रफी से जुड़े कई रोचक किस्से मौजूद हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक फिल्म ऐसी भी, जिसके लिए रफी साहब ने फ्री में गाने गाए थे। बात 1971 की है, जब सुपरस्टार जॉय मुखर्जी फिल्म लव इन बॉम्बे बना रहे थे। इस मूवी के लिए जॉय ने अपनी सारी पूंजी लगा दी। लेकिन, उनको सबसे झटका तब लगा, जब फिल्म पूरी बनने के बाद डिब्बा बंद हो गई और जॉय मुखर्जी की आर्थिक हालत खराब होने लगी। इस बुरे वक्त में मोहम्मद रफी ने अपने दोस्त जॉय का साथ दिया। रफी साहब न सिर्फ एक महान सिंगर थे, बल्कि इंसानियत का फरिश्ता भी माने जाते थे। उन्होंने लव इन बॉम्बे के लिए फ्री में गाने गाए और कर्ज में डूबे अपने दोस्त का साथ दिया। इस मूवी का रानी नाचो... रफी साहब ने बिना कोई रकम लिए गाया था।*



## दोस्ती की अनोखी मिसाल

कहा जाता है कि उन्होंने जॉय मुखर्जी से साफ कह दिया था कि फिल्म के गाने एक शर्त पर ही गाऊंगा कि मुझे तुमसे पैसे नहीं चाहिए। ये सुनकर जॉय की आंखें भर आई थीं और वह समझ गए थे कि सच्चा दोस्त ही बुरे वक्त में साथ देता है। इस तरह से मोहम्मद रफी ने सिनेमा जगत में दोस्ती की अनोखी मिसाल कायम की।

## 40 साल बाद रिलीज हुई थी लव इन बॉम्बे

मोहम्मद रफी के फ्री गाने और तमाम संघर्षों के बाद भी जॉय मुखर्जी की राह आसान नहीं हुई। उनकी फिल्म लव इन बॉम्बे करीब 40 साल बाद जाकर सिनेमाघरों में रिलीज हो पाई थी। हालांकि, तब तक न तो रफी साहब रहे और न ही जॉय अपनी मूवी को रिलीज होते ही देख पाए। लेकिन मोहम्मद रफी साहब की दरियादिली के लिए जॉय की इस मूवी को आज भी याद किया जाता है।

# गोल्डन टेंपल के दर्शन करके हुईं भावुक



*__नई दिल्ली।__ इन दिनों देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड गलियारों को छोड़कर अमृतसर की गलियों में नजर आ रही हैं। मंगलवार को वह गोल्डन टेंपल भी दर्शन करने पहुंची थीं। मंदिर के दर्शन करने के बाद प्रियंका ने वहां पर सेवा भी की। बुधवार को अपनी गोल्डन टेंपल की यात्रा से जुड़ी कुछ खास तस्वीरें प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इस पावन स्थान पर पहुंचकर उन्हें अपने दिवंगत पिता की भी बहुत याद आई। अपनी पोस्ट में प्रियंका ने अपने पिता को भी याद किया है। देखें प्रियंका चोपड़ा द्वारा साझा की गई तस्वीरें। गोल्डन टेंपल के सामने खड़े होकर प्रियंका चोपड़ा ने कई तस्वीरें ली हैं। साथ ही एक तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा, 'पापा आपके बारे में ही सोच रही हूं।'आगे वह गुरुद्वारा कमेटी का भी आभार व्यक्त करती हैं। प्रियंका चोपड़ा ने बहुत ही सहजता से गोल्डन टेंपल के दर्शन किए थे। प्रियंका चोपड़ा ने गोल्डन टेंपल के अंदर की भी कई तस्वीरें साझा की हैं। वह सिंपल सूट-सलवार में स्वर्ग मंदिर के गलियारे में नजर आ रही हैं। सोने से जड़े हुए मंदिर की भी अलग-अलग जगह से तस्वीरें एक्ट्रेस ने पोस्ट की हैं। साथ ही एक बुजुर्ग निहंग सिख की फोटो भी प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट पर शेयर की है।*

## पहले तीन महीने में बॉलीवुड ने कुछ कमाल की फिल्में की हैं रिलीज

# ये हैं 2026 की अब तक पांच सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्में

*__नई दिल्ली।__ साल 2026 की शुरुआत सिनेमालवर्स के लिए शानदार हुई है। पहले तीन महीने में बॉलीवुड ने कुछ कमाल की फिल्में रिलीज की हैं। इन फिल्मों में सबसे ज्यादा चर्चा रणवीर सिंह की धुरंधर 2 की हो रही है। धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस पर भी कमाल कर रही है। इस साल की अबतक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म धुरंधर 2 है। धुरंधर 2 की आंधी के बीच हम आपको बता रहे हैं साल 2026 की भारत में अबतक की पांच सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्में।*



**धुरंधरः द रिवेंज :** आदित्य धर के निर्देशन में बनी धुरंधर 2 ने अबतक (01 अप्रैल, 12 बजे तक) 903.22 करोड़ की कमाई कर ली है। रणवीर सिंह की ये फिल्म इस साल की अबतक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ा है। फिल्म में सारा अर्जुन, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी, आर माधवन और संजय दत्त जैसे कलाकार नजर आए हैं। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.6 है। फिल्म 19 मार्च को रिलीज हुई थी।



**बॉर्डर 2 :** लिस्ट में दूसरे नंबर पर सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की फिल्म बॉर्डर 2 है। इस वॉर ड्रामा फिल्म को अनुराग सिंह ने डायरेक्ट किया है। फिल्म 23 जनवरीको रिलीज हुई थी। फिल्म ने 362.76 करोड़ की कमाई की है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 6.4 है।



**ओ रोमियो :** लिस्ट में तीसरे नंबर पर शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो है। फिल्म 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को विशाल भारद्वाज ने डायरेक्ट किया है। फिल्म की कमाई की बात करें तो फिल्म का भारत में कलेक्शन 83.35 करोड़ है। ओ रोमियो की आईएमडीबी रेटिंग 5.6 है।



**मर्दानी 3 :** लिस्ट में चौथे नंबर पर रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 है। फिल्म को अभिराज मीनावाला ने डायरेक्ट किया है। फिल्म 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने भारत में 52.99 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 6.9 है।




**द केरल स्टोरी 2 :** लिस्ट में पांचवे नंबर पर कामाख्या नारायण सिंह की फिल्म दे केरल स्टोरी 2 है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 5.3 है। फिल्म ने भारत में 51.92 करोड़ की कमाई की है। फिल्म 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

## खबर संक्षेप

### नवाचारी शिक्षिका का पतंजलि महिला समिति ने किया सम्मान

**देवकिरारी।** नवाचारी शिक्षिका एवं मुख्यमंत्री गौरव अलंकार से सम्मानित श्रीमती उपासना रविन्द्र शर्मा



का उनके उल्लेखनीय शैक्षणिक एवं नवाचारी कार्यों के लिए सम्मान किया गया। यह सम्मान पतंजलि महिला समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित एपीसी हेमलता शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं नवाचारी कार्य करने वाली महिला शिक्षिकाओं का सम्मान किया। इस अवसर पर श्रीमती उपासना शर्मा के शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचार, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु किए गए प्रयासों तथा शिक्षण कार्य में उनकी सक्रिय भूमिका की सराहना की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नवाचारी शिक्षकों के प्रयासों से शिक्षा का स्तर लगातार बेहतर हो रहा है और विद्यार्थियों को नई दिशा मिल रही है। श्रीमती उपासना रविन्द्र शर्मा ने कहा कि वे आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कार्य करती रहेंगी। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

### शासकीय शालाओं में प्रार्थना शेड निर्माण के लिए राशि स्वीकृत

**सक्ती।** नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त की अनुशंषा से जांजगीर चाम्पा एवं जिला सकती के विभिन्न शालाओं में प्रार्थना शेड स्वीकृत हुआ है। इस सम्बन्ध में जिला कलेक्टर कार्यालय एवं शिक्षा विभाग में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त के प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र सक्ती में प्राथमिक शाला लछनपुर, पोंड़ी कला के प्राथमिक शाला पोंड़ीकला ,बालपुर एवं उच्चभिट्ठी एवं हायर सेकेंडरी स्कूल सारागांव, प्राथमिक शाला मोहगांव, धनपुर, जामपाली, जर्वे में प्रार्थना शेड निर्माण के लिए पांच-पांच लाख रूपये की राशि स्वीकृति शासन द्वारा प्राप्त हुई हैं।

### डाइट जांजगीर में सहायक ग्रेड 2 को दी गई विदाई



**जांजगीर-चांपा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर के सहायक ग्रेड 2 शिवचरण राठौर का 62 वर्ष पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य बी पी साहू ने श्री राठौर को शाल श्रीफल से सम्मानित करते हुए उन्हें सेवाभावी और समय का पाबंद बताते हुए उनके दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी। उप प्राचार्य एल के पाण्डेय ने श्री राठौर के साथ 20-25 वर्षों से एक साथ कार्य करने को याद करते हुए उन्हें कर्तव्यनिषठ बताया। डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्राअध्यापकों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सहायक प्राध्यापक गोपेश साहू एवं के एम जायसवाल ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता संजय कुमार शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती लता पकवासा ने कार्यालयीन कार्यों में शिवचरण राठौर की प्रशंसा की। कार्यक्रम में उपस्थित व्याख्याता नेहरु लाल प्रधान, बी जायसवाल, श्रीमती कल्याणी बोस, उमाशकर राठौर, सेवानिवृत्त लेखापाल एन एल पोरते, पंकज राठौर, कुसुम सोनवानी, स्वप्निल देवांगन ने शिवचरण राठौर को सेवानिवृत्त होने पर उनके स्वस्थ, दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएँ दी। डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों द्वारा श्री राठौर को स्मृति चिह्न भेंट कर भावभीनी विदाई दी। संस्थान द्वारा तैयार किए गए अभिनन्दन पत्र का वाचन व्याख्याता बी जायसवाल द्वारा किया गया।

### कलश यात्रा के साथ धूमधाम से मनाई गई माता कर्मा जयंती



**अकलतरा।** ग्राम अकलतरी में साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर माता कर्मा की प्रतिमा के साथ आकर्षक कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं सिर पर कलश धारण कर डीजे व मृदंग की धुन पर भजन गाते हुए पूरे गांव का भ्रमण करती नजर आईं। यात्रा साहू समाजिक भवन से प्रारंभ होकर ठाकुरदेव होते हुए जूना तालाब पहुंची, जहां विधि-विधान से जल भरकर पूजा स्थल तक लाया गया। यात्रा के दौरान ग्राम के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के स्वागत हेतु मुखीराम, श्यामनारायण, पूर्णेन्द सिंह सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा शरबत, मीठा पानी, कोल्ड ड्रिंक व चॉकलेट की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में भक्त माता कर्मा की महाआरती की गई तथा सभी श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी प्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि रामकुमार साहू कोषाध्यक्ष तहसील साहू संघ अकलतरा, कार्यक्रम अध्यक्ष केंद्राध्यक्ष समेलाल साहू, लक्ष्मी कुमार साहू संरक्षक, पंकजा शिवपाल राणा जनपद सदस्य, सुरेश धंमधे सरपंच एवं शांतिलाल साहू केंद्र उपाध्यक्ष ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बंशीलाल साहू एवं आभार प्रदर्शन शंकर साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रुक्मणि साहू, योगिता साहू, प्रिया साहू, लीना साहू एवं मुल्कराज साहू को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## जन्मोत्सव पर हुई हनुमान जी की आराधना, नहरिया बाबा में महायज्ञ का समापन

# जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय कपिस....

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर गुरुवार 2 अप्रैल को जिला मुख्यालय स्थित नहरिया बाबा मंदिर, दक्षिणमुखी सिद्ध श्री हनुमान मंदिर सहित जिले के सभी मंदिरों में घंटियों के झंकार के बीच हनुमान जी के जयकारों की गूंज रही।

हनुमान जयंती के अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी प्रारंभ हो गई थी। इस अवसर के लिए सभी मंदिरों में रंग-रोगन सहित सारी व्यवस्थाएं पहले से पूरी की जा चुकी थी। प्रातःकालीन आरती के बाद भगवान श्री राम के अनन्य भक्त हनुमान जी की प्रतिमा पर बंदन लगाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया। साथ ही मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकाण्ड पाठ, रामचरित मानस का पाठ श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। सभी मंदिरों में भंडारे का भी आयोजन किया गया। नैला स्थित नहरिया बाबा हनुमान मंदिर में सेवा समिति द्वारा पिछले 9 दिनों से आयोजित किए जा रहे श्रीरामचरित मानस महायज्ञ का समापन किया गया। महायज्ञ के दौरान मानस की प्रत्येक चौपाई पर श्रद्धालुओं द्वारा आहुतियां दी गई। समापन अवसर पर आहुति देने सुबह से ही भक्तों की भीड़ यज्ञ स्थल पर उमड़ पड़ी थी। मंदिर परिसर में हवन उपरांत सहस्त्रधारा व भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह रेस्ट हाउस के सामने स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में भी सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु



नहरिया बाबा मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लगी भीड़

पहुंचकर पूजा-अर्चना की। यहां सुबह से शाम तक आने वाले भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा संकट निवारण मनोकामना दीप प्रज्ज्वलित कराया गया। 2 अप्रैल गुरुवार को प्रातः काल 4 बजे हनुमान जी का जन्म समय गंगाजल से जलाभिषेक किया गया। इसके बाद सेन्दुराभिषेक, महाआरती घ्वजा रोहण हुआ। तत्पचात सुन्दरकाण्ड पाठ हुआ। हनुमान चालिसा के प्रत्येक चैपाई के साथ आहूति हवन किया गया। 3 बजे से बजरंग बली कीर्तन मंडली चंदनिया पारा के द्वारा सामुहिक सुन्दर काण्ड का पाठ किया गया। इसी प्रकार कुलीपोटा स्थित हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में हनुमान जी के दर्शन व पूजा अर्चना के लिए सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

### धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**शिवरीनारायण।** धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। नगर के विभिन्न मंदिरों, चौक-चौराहों और हनुमान मंदिरों में भगवान हनुमान के प्रकटोत्सव के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे नगर में भक्ति और आस्था का माहौल बना रहा तथा भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो गया। देर रात तक श्रद्धालुओं का मंदिरों में दर्शन के लिए आना-जाना लगा रहा। नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण तथा भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्रम में थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर में भी पूरे दिन भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। भक्तों ने बड़ी श्रद्धा के साथ हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली और पूरा वातावरण राम नाम व जयकारों से गूंजता रहा।





### भजन संध्या के साथ 551 अखंड ज्योति कलश प्रज्वलित



**सक्ती।** नगर में चहुंओर गुरुवार 2 अप्रैल को हनुमान लला के जन्मोत्सव की धूम नजर आ रही थी। नगर के हृदय स्थल में स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर प्रातः महाआरती के साथ 551 अखंड ज्योति कलश का प्रज्ज्वलन किया गया। इसके पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ श्रद्धालुओं के द्वारा हनुमान जी का भव्य सिंदूराभिषेक किया गया। वहीं संध्याकालीन कार्यक्रम में सायं 7 बजे संध्या महाआरती तथा श्री सांवरिया म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा रंगारंग भजन संध्या की प्रस्तुति दी गई। मधुर भजन से लोग भाव विभोर होकर झूमते रहे। शाम के समय श्रद्धालुओं ने हनुमान लला के दिव्य दर्शन के साथ सामूहिक भंडारा में भोग प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन को सफल बनाने में मंदिर पुजारी ओमप्रकाश वैष्णव, अधिवक्ता चितरंजय पटेल, अमित तंबोली, सोनू देवांगन, महेंद्र गबेल, संतोष देवांगन, हुतासन देवांगन, रिंकू निर्मलकर सहित कार्यकर्ताओं के साथ महिला टीम की संध्या ओम वैष्णव, आंचल योगेश देवांगन, सुनीता अमित तंबोली, पुष्पा सोनू निर्मलकर, एकल सोनू देवांगन व नारी शक्तियों का भी सामूहिक योगदान रहा। इस संबंध में जानकारी देते हुए अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने बताया कि मुख्य पुजारी देवी प्रसाद वैष्णव के सान्निध्य में हनुमान लला के सेवा आज एक धार्मिक आंदोलन का रूप ले चुका है जहां हर मंगलवार को इक्यावन दीपों की महाआरती हनुमान लला की अर्पित की जाती है। साथ ही श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है, जिसका प्रसारण हनुमान यू ट्यूब चैनल के द्वारा व्यापक रूप से किया जा रहा है। श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार के साथ अंचल वासियों का सामूहिक प्रयास सराहनीय एवं अनुकरणीय है।

### हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर किया गया प्रसाद वितरण



**जांजगीर-चांपा।** रामभक्त हनुमान की जयंती गुरुवार को मनाई गई। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मुकेश डेयरी के पास प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान आने जाने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद वितरण करने वालों में नीतू तिवारी, नम्रता तिवारी, नितेश यादव, लक्की तिवारी, प्रमोद थवाईत, सुमरीत साहू, कुणाल साहू, पीहू थवाईत, अंकित सिंह, शिव शंकर यादव, आकाश यादव, यशपाल चंद्रा, विक्की नेताम शामिल रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**बम्हनीडीह।** नगर पंचायत बम्हनीडीह में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। गली-गली में भगवा ध्वज लहराते दिखे, घरों और मंदिरों में दीप प्रज्वलित किए गए। चारों ओर भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनि गूंजती रही। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों में आना-जाना शुरू हो गया था। बस स्टैंड चौक पर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रामभक्तों ने एक स्वर में पाठ कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला, जिन्होंने पूरे आयोजन में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। नगर के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों और नागरिकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए शरबत, लस्सी, छाछ, फल और अन्य व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी।। रैली में शामिल लोगों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

**भव्य शोभायात्रा बनी आकर्षण का केन्द्र** -हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर निकाली गई विशाल शोभायात्रा। पूरे कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही रैली में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी भक्ति गीतों और डीजे पर बज रहे भजनों की धुन पर झूमते



बैण्ड बाजे के साथ शोभा यात्रा निकालते श्रद्धालु।

नजर आए। भगवा वस्त्र, पगड़ी और हाथों में ध्वज लिए श्रद्धालु "जय श्री राम" और "बजरंग बली की जय" के गगनभेदी नारों के साथ पूरे नगर में भ्रमण करते रहे कई स्थानों पर युवाओं ने पारंपरिक नृत्य और करतब भी प्रस्तुत किए, जिससे माहौल और भी रोमांचक हो गया पूरा बम्हनीडीह नगर इस दौरान आस्था और उत्साह के रंग में रंगा दिखाई दिया।

### भाईचारे और सौहार्द की अनोखी मिसाल

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के इकबाल खान, अहमद खान, हसनैन, सद्दाम खान द्वारा आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे की शानदार मिसाल पेश की। बस स्टैंड चौक पर मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा रैली में शामिल श्रद्धालुओं के लिए ठंडा शरबत, लस्सी, छाछ और विभिन्न प्रकार के पकवानों की व्यवस्था की गई। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कहा कि यह केवल एक धर्म का नहीं, बल्कि पूरे नगर का त्योहार है उन्होंने संदेश दिया कि सभी को मिलजुलकर हर पर्व मनाना चाहिए और यही हमारी संस्कृति की असली पहचान है। इस पहल की पूरे नगर में सराहना की गई।

**चाक-चौबंद रही व्यवस्था**-कार्यक्रम के दौरान थाना बम्हनीडीह के पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल तैनात रहा और रैली को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया गया। नगर पंचायत और स्थानीय स्वयंसेवकों ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## हनुमान जन्मोत्सव पर भवानी मंदिर में सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन



**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत करही के पुरानी बस्ती में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र के परम भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर भवानी मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए। राम भक्त हनुमान का पाठ किया गया। इस अवसर पर मुन्ना विश्वकर्मा ,भूषण साहू ,दादूराम, लखन दास, भरत, उद्धव, सुरेश आदित्य, सुखी राम, बालेश्वर आदि के अलावा ग्राम वासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## चलित थाना के माध्यम से लोगों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी

**बाराद्वार।** पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में थाना बाराद्वार क्षेत्रांतर्गत ग्राम केकराभाट में 1 अप्रैल को चलित थाना का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन से सीधा संवाद स्थापित करना एवं क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना था।

चलित थाना में पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर द्वारा ग्रामीणों को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया। विशेष रूप से हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा यातायात संकेतों का पालन करने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी शेयरिंग, बैंक फ्रॉड आदि से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। नागरिकों को



कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी देते पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर।

सतर्क रहने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अन्य अपराधों की रोकथाम हेतु भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए तथा ग्रामवासियों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निराकरण किया गया। पुलिस विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे कानून का पालन करें, जागरूक रहें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करें। कार्यक्रम में थाना प्रभारी बाराद्वार नरेन्द्र यादव, ग्राम के जनप्रतिनिधि एवं आसपास के गांवो से 300 नागरिक उपस्थित हुये।

## हनुमान जन्मोत्सव पर तुलसी में मानस गायन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर ग्राम तुलसी के माता चौरा में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। गुरुवार 2 अप्रैल को तुलसी के माता चौरा में अखंड सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया।

इस मौके पर गांव के प्रथम सरपंच एवं मानस मर्मज्ञ पंडित सुशील शुक्ला की स्मृति में नौ वर्षो से प्रत्येक मंगलवार को मानस गायन एवं प्रवचन करने वाली मंगलवारीय मानस मंडली द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। पाठ के उपरांत भगवान श्री राम जी की आरती और प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर देवराज कश्यप, छहुरा यादव,



मानस गायन के लिए उपस्थित मंगलवारीय मानस मंडली के पदाधिकारी।

माखन साहू, लखन साहू, श्यामलाल कश्यप,सूरज नागेश,उमेंद्र केवट, छेदीलाल निर्मलकर सहित मंडली के सभी सदस्य और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## अंचल के जननायक स्व. बिसाहूदास महंत को अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

अंचल के जननायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नदृष्टा स्वर्गीय बिसाहूदास महंत की 102वीं जन्म जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी आयोजन में जांजगीर-चांपा समेत सक्ती, कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर, सारंगढ़ और रायपुर जैसे विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों

- 120 उत्कृष्ट शिक्षाविदों को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया सम्मानित

समर्थकों और प्रशंसकों ने स्व. बी.डी.महंत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. बिसाहूदास महंत राजनीति में आने से पूर्व स्वयं एक शिक्षक थे, इसलिए उनकी स्मृति में शिक्षा जगत के प्रति विशेष सम्मान प्रकट किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के 120 उत्कृष्ट



स्व. बिसाहूदास महंत को श्रद्धा सुमन अर्पित करते छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत एवं अन्य जनप्रतिनिधि।

शिक्षाविदों को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, समाज सेवा में विशिष्ट योगदान देने वाली विभूतियों और जय भारत स्कूल के शिक्षकों को भी विशेष रूप से मंच पर सम्मानित किया गया। श्रद्धांजलि सभा की शाम सूफी रंग में डूबी रही। प्रख्यात भजन गायक महेंद्र राठौर और उनके साथियों ने कबीर भजनों की ऐसी शानदार प्रस्तुति दी कि पूरा वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। श्रोताओं ने भजनों के माध्यम से जीवन के दर्शन और महंत के सादगीपूर्ण जीवन को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में स्व. महंत के सुपुत्र और छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उनके पौत्र सूरज महंत और सृजन महंत मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में बिसाहूदास महंत सेवा समिति के सदस्य और पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल ने उपस्थित सभी आत्मीय जनों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश, रघुराज पाण्डेय, गुलजार सिंह, आशीष सिंह, विजय केशरवानी, मोतीलाल देवांगन, विनय जायसवाल, दिनेश शर्मा, मदनलाल अग्रवाल, देवेश सिंह, प्रवीण पाण्डेय, रमेश पैगवार, रफीक सिद्दकी, अजीत सिंह राणा, रामबिलास राठौर, विवेक सिंह सिसोदिया, सीमा-राजू शर्मा, राधे थवाईत, लोचन साव, आभाष बोस, कमलेश सिंह, प्रिंस शर्मा, शाश्वतधर दीवान, लोकेश राठौर सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

